राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– 290/2023

राजभवन में उत्तराखंड दिवस का आयोजन किया गया

पटना, 09 नवम्बर, 2023 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन, बिहार के दरबार हॉल में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के तहत आयोजित उत्तराखंड के स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी भारतवासी राष्ट्रीय एकता के सूत्र से बँधे हुए हैं, हम सब एक हैं। इस भाव को उजागर करने की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' जैसे कार्यक्रमों के आयोजन से हमारी राष्ट्रीय एकता की भावना का प्रकटीकरण होता है।

राज्यपाल ने कहा कि भारत जब–जब एक होता है तब–तब श्रेष्ठ होता है। एकत्व का भाव मजबूत रहने पर ही हम श्रेष्ठ रहेंगे। हमारे देश की गुलामी का कारण एकता का अभाव ही रहा है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक एकता हमारे मन के भीतर होती है। हम सब भारतमाता की संतान हैं और हमें एकत्व के भाव को जागृत करने की आवश्यकता है।

राज्यपाल कहा कि भारत के सभी राज्यों में अन्य प्रदेशों के लोग रहते हैं और धीरे–धीरे वहाँ की संस्कृति के साथ तादात्म्य स्थापित कर लेते हैं। उन्होंने बिहार में रह रहे उत्तराखंड के लोगों को आपस में मिलने–जुलने पर जोर देते हुए कहा कि इससे एकत्व का भाव बढ़ता है और धीरे–धीरे इसका विस्तार होता जाता है। अन्य राज्यों के लोगों को भी ऐसा करना चाहिए। हमें दूसरे राज्यों की भाषायें भी सीखनी चाहिए। इससे एकत्व का सूत्र उजागर होता हैं।

राज्यपाल ने इस अवसर पर भारतमाता के चित्र पर माल्यार्पण किया।

कार्यक्रम में विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, बिहार में पदस्थापित उत्तराखंड के पदाधिकारीगण एवं उनके परिजन, बिहार में पढ़ाई कर रहे उत्तराखंड की छात्र–छात्राएँ तथा राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण एवं कर्मीगण उपस्थित थे।

....